**मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) की दिनांक 08 फरवरी, 2022 को पूर्वाह्न 11:30 बजे विश्वविद्यालय के सर जे0 सी0 बोस सभागार में सम्पन्न हुयी 2022/01 बैठक (सप्तम) का कार्यवृत्तः**

मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) की 2022/01 बैठक संख्या (सप्तम) दिनांक 08 फरवरी, 2022 को पूर्वाह्न 11:30 बजे विश्वविद्यालय के सर जे0 सी0 बोस सभागार में सम्पन्न हुयी जिसमें निम्नलिखित माननीय सदस्य उपस्थित रहे:-

| क्रम सं0 | नाम/पदनाम | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 जे0 पी0 पाण्डेय, कुलपति, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 एस0 वेकटरमणैया* (एस0 वेंकट), प्रबधन, आई0आई0एम0 लखनऊ | बाहय सदस्य |
| 3. | श्री कुणाल भटिया* (उद्योग), नई दिल्ली | बाहय सदस्य |
| 4. | श्री प्रवीन आर्या* (स्थानीय समुदाय), गोरखपुर | बाहय सदस्य |
| 5. | प्रो0 एस0 के0 श्रीवास्तव, आचार्य, यांत्रिक अभियंत्रण विभाग | सदस्य |
| 6. | प्रो0 डी0 के0 सिंह, आचार्य, यांत्रिक अभियंत्रण विभाग | सदस्य |
| 7. | प्रो0 उदय शंकर, आचार्य, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग | सदस्य |
| 8. | प्रो0 आर0 के0 चौहान, आचार्य, विद्युतकण एवं संचार अभि0 विभाग | सदस्य |
| 9. | प्रो0 गोविन्द पाण्डेय, आचार्य, जनपदीय अभियंत्रण विभाग | सदस्य |
| 10. | प्रो0 एस0 पी0 सिंह, आचार्य, आई0टी0 एण्ड सी0ए0 विभाग | सदस्य |
| 11. | प्रो0 बी0 के0 पाण्डेय, आचार्य, भौतिकी एवं पदार्थ विज्ञान विभाग | सदस्य |
| 12. | डा0 वी0एल0 गोले, रासायन अभियंत्रण विभाग | सदस्य |
| 13. | प्रो0 बृजेश कुमार, विद्युतकण एवं संचार अभि0 विभाग /कुलसचिव, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर | सदस्य |
| 14. | प्रो0 वी0 के0 गिरी, निर्देशक, आई0क्यू0ए0सी0, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर | सदस्य-सचिव |

*** आनलाईन**

आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक में निम्नलिखित सदस्य अवकाश के कारण उपस्थित नही हो सके:-

1. प्रो0 डी0 के0 सिंह, आचार्य, यांत्रिक अभियंत्रण विभाग।
2. प्रो0 गोविन्द पाण्डेय, आचार्य, जनपदीय अभियंत्रण विभाग।

**आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिये गये:-**

2022.1.01 मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की आई0क्यू0ए0सी0 की 2021/01 (पंष्ठम) बैठक के कार्यवृत्त का पुटिष्करण।

आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा दिनांकः 26 जुलाई, 2021 को सम्पन्न हुई आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) की 2021/01 (पंष्ठम) बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टिकरण की गयी।

2022.1.02 दिनांकः 26 जुलाई, 2021 को सम्पन्न आई0क्यू0ए0सी0 की 2021/01 (पंष्ठम) बैठक में लिए गये निर्णयों के क्रियान्वित किये जाने का विवरण।

आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) की दिनांकः 26 जुलाई, 2021 को सम्पन्न हुई आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) की 2021/01 (पंष्ठम) बैठक में लिये गये निर्णयों को क्रियान्वित किये जाने के विवरण से अवगत कराया गया।

2022.1.03 UGC - XII के Guideline के अनुसार आई0क्यू0ए0सी0 के पुर्नगठन की सूचना एवं अवलोकन।

आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) के माननीय सदस्यों द्वारा UGC - XII के Guideline का अवलोकन करते हुए इसमे उल्लेखित सभी बिन्दूयो पर विस्तृत चर्चा की गयी एवं अवलोकन किया गया। नव गठित IQAC द्वारा UGC - XII के Guideline के अनुसार सभी बिन्दूओं के सापेक्ष क्रियान्वयन सुनिश्चित किये जाने हेतु संस्तुति प्रदान की गयी।

2022.1.04 वर्तमान सत्र 2021-22 में विश्वविद्यालय के सभी स्नातक/परास्नातक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के विवरण का अवलोकन।

आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) के सभी सदस्यों द्वारा सत्र 2021-22 में विश्वविद्यालय के सभी स्नातक/परास्नातक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के विवरण का अवलोकन किया गया। सत्र 2021-22 मे स्नातक/परास्नातक के कुछ ब्रान्चो में कम संख्या मे प्रवेश यथा स्नातक में (यांत्रिक एवं रासायन), परास्नातक मे एम0एस0सी0 (गणित), एम0 टेक0, जनपदीय अभियंत्रण विभाग (हिल एरिया),विद्युत अभियंत्रण विभाग (पी0ई0डी0 एवं सी0 एण्ड आई0), विद्युतकण एवं संचार अभियंत्रण विभाग (डिजिटल एवं कम्नुकेशन),यांत्रिक अभियंत्रण विभाग (ई0टी0एम0) से अवगत हुई। चर्चा के दौरान कम संख्या में प्रवेश के एक प्रमुख कारण यथा नव प्रवेशित छात्रों के हास्टल की सुविधा न मिलना पाया गया। प्रकोष्ठ द्वारा भविष्य मे नव प्रवेशित सभी छात्रों को हास्टल प्रदान किये जाने की संस्तुति की गयी।

2022.1.05 डाक्टोरल प्रोगाम की समीक्षा।

आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) विश्वविद्यालय में पंजीकृत शोध छात्रों की सूची व शोध कार्यो की अद्यतन स्थिति से अवगत हुयी, शोध छात्रों की उच्चतर वृद्वि पर प्रकोष्ठ द्वारा सराहना व्यक्त की गयी।

2022.1.06 शैक्षणिक सत्र 2020-21 के विषम/सम सेमेस्टर के परीक्षाफल का विषयवार विश्लेषण की समीक्षा।

आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा शैक्षणिक सत्र 2020-21 के विषम/सम सेमेस्टर के परीक्षाफल का विषयवार विश्लेषण की समीक्षा की गयी तथा आई0क्यू0ए0सी0 द्वारा विषय कोड MBA-113 एवं MBA-151 के परीक्षाफल में ज्यादा संख्या मे फेल हुए छात्रों के कारण का पता करने का सुझाव दिया गया। साथ ही यह भी सुझाव दिया गया कि आगामी सेमेस्टर से स्नातक/परास्नातक के लिये पृथक-पृथक रुप से Standard Deviation Limit भी तय की जाये।

2022.1.07 विश्वविद्यालय मे अध्ययनरत समस्त छात्र/छात्राओं द्वारा शैक्षणिक सत्र 2020-21 के इवेन सेमेस्टर हेतु विषयवार दिये गये Feed Back का अवलोकन।

आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा विश्वविद्यालय मे अध्ययनरत समस्त छात्र/ छात्राओं द्वारा शैक्षणिक सत्र 2020-21 के इवेन सेमेस्टर हेतु विषयवार दिये गये Feed Back का अवलोकन किया गया। मानक से कम स्तर पर परफारमेन्स करने वाले शिक्षको की सूची संबधित विभागाध्यक्षो को प्रेषित कर प्रथम चरण मे सुधार हेतु एडवाईजरी जारी किये जाने तथा द्वितीय चरण मे संबधित शिक्षको की माननीय कुलपति एवं निदेशक, आई0क्यू0ए0सी0 के साथ बैठक कर स्तर मे सुधार हेतु सुझाव दिये जाने की संस्तुति प्रदान की गयी।

2022.1.08 विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की चौदहवी तथा पन्द्रहवीं बैंठकों के कार्यवृत्तो का अवलोकन।

आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा विश्वविद्यालय के चौदहवी तथा पन्द्रहवी बैठकों के कार्यवृत्तो का अवलोकन किया गया।

2022.1.09 विश्वविद्यालय द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षको तथा कर्मचारियों को दिये गये विभिन्न पुरस्कारो का अवलोकन।

आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ट (IQAC) द्वारा विश्वविद्यालय मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को दिये गये विभिन्न पुरस्कारो का अवलोकन किया गया। आगामी वर्षो मे शिक्षको को Certificate of Appreciation दिये जाने संबधित प्रक्रिया एवं तत्संबधित फारमेट का अवलोकन करते हुए संतोष व्यक्त किया गया एवं इस प्रथा को पुनः शुरु किये जाने हेतु संस्तुति प्रदान की गयी।

2022.1.10 विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न संस्थाओं /इडस्ट्री से किये गये MOUs की अद्यतन स्थिति के विवरण का अवलोकन।

आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ(IQAC) विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न संस्थाओं /इडस्ट्री से किये गये MOUs की अद्यतन स्थिति के विवरण से अवगत हुई तथा एक अतिरिक्त MOU महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर के साथ हुए MOU को सम्मलित किये जाने का सुझाव दिया गया।

2022.1.11 आई0क्यू0ए0सी0 की दिनांक: 26 जुलाई, 2021 को सम्पन्न पंष्ठम बैठक के पश्चात विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किये गये विभिन्न प्रशिक्षण /संगोष्ठी/ फैकल्टी डेवलमेंट प्रोग्राम का अवलोकन।

आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ(IQAC) द्वारा आई0क्यू0ए0सी0 की दिनांक: 26 जुलाई, 2021 को सम्पन्न पंष्ठम बैठक के पश्चात विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किये गये विभिन्न प्रशिक्षण /संगोष्ठी/ फैकल्टी डेवलमेंट प्रोग्राम का अवलोकन किया गया। कोविड के कारण प्रशिक्षण /संगोष्ठी/ फैकल्टी डेवलमेंट प्रोग्राम की कमी पर चिंता व्यक्त की गयी तथा यह सुझाव दिया गया की भविष्य मे इस सख्या में वृद्घि की जाये।

2022.1.12 शैक्षणिक सत्र 2020-21 में ट्रेनिग एण्ड प्लेसमेन्ट रिपोर्ट का अवलोकन।

आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ(IQAC) द्वारा शैक्षणिक सत्र 2020-21 में ट्रेनिग एण्ड प्लेसमेन्ट रिपोर्ट का अवलोकन एवं संतोष व्यक्त किया गया। प्रकोष्ठ द्वारा यह सुझाव दिया गया कि आगामी बैठको मे उक्त सूचना में द्वो कालम No. of Job Offered एवं Max Salary भी दर्शायी जाये।

2021.1.13 UGC - XII के Guideline के अनुसार उपलब्ध Format में शैक्षणिक सत्र 2021-22 हेतु Annual Quality Assurance Report (AQAR) प्रेषित किये जाने हेतु विचार एवं अनुमोदन।

आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ(IQAC) द्वारा UGC - XII के Guideline शैक्षणिक सत्र 2021-22 हेतु Annual Quality Assurance Report (AQAR) के Format का अवलोकन किया गया। Annual Quality Assurance Report (AQAR) तैयार करने हेतु AQAR Format मे Annexur-1 के सभी **43** बिन्दूओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी इस संबध मे यह भी निर्णय लिया गया कि AQAR के क्रियान्वयन हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर ERP के माध्यम से सभी **43** बिन्दूओं पर डाटा एकत्रित किया जाये। आई0क्यू0ए0सी0 द्वारा यह भी सुझाव दिया गया कि सत्र 2021-22 में Annual Quality Assurance Report (AQAR) प्रेषित किये जाने हेत निदेशक, आई0क्यू0ए0सी0 द्वारा सुविधानुसार अलग समिति गठित कर कार्ययोजना को सफल बनाये जाने का सुझाव दिया गया।

2021.1.14 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद।

बैठक की अन्त में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापन सहित समाप्त हुई।

08/02/2022

**(प्रो0 वी0 के0 गिरी)**
सदस्य सचिव
निदेशक-आई0क्यू0ए0सी0
आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ(IQAC)

अनुमोदित

**(प्रो0 जे0 पी0 पाण्डेय)**
अध्यक्ष
कुलपति, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी
विश्वविद्यालय, गोरखपुर